हमारा उद्देश्य :- योगः कर्मसु कौशलम्

कार्यालय प्राचार्य

चैयतूगायता (आलोर) शासकीय महाविद्यालय फरसगॉव जिला-कोण्डागॉव (छ.ग.)

Email Id :- govtnaveencollegepharasgaon@gmail.com College Code- 2303 Website :- www.govtcollegepharasgaon.in

वर्षिक प्रतिवेदन शैक्षणिक सत्र 2022—23

- दिनॉक 21.06.2022 को महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं साथ ही विद्यार्थी मिलन सामारोह का आयोजन किया। योग दिवस के अवसर पर श्री नीतिन पाण्डेय सहायक प्राध्यापक इतिहास के द्वारा महाविद्यालय के सभी अधिकारी—कर्मचारी एवं उपस्थित विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया गया।

- 22.06.2022 को कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम।

- दिनॉक 11.07.2022 को महाविद्यालय में विश्व जनचेतना दिवस मनाया गया।

- 14.09.2022 को महाविद्यालय में हिन्दी दिवस मनाया गया।

- दिनॉक 16.09.2022 को महाविद्यालय में ओजोन परत के संरक्षण हेतु ओजोन दिवस मनाया गया।

- दिनॉक 31.10.2022 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकीकरण के प्रयास एवं राष्ट्रीय एकीकरण में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

- दिनॉक 14.11.2022 को बाल दिवस मनाया गया, साथ ही साथ स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई फरसगॉव के तत्वाधान में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग COVID के टीकाकरण से संबंधित रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

- दिनॉक 23.11.2022 को राष्ट्रीय तम्बाकु नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति इकाई कोण्डागॉव के द्वारा तम्बाकू सेवन से हाने वाले दुष्प्रभाव एवं उसके समाधान की जानकारी प्रदान की गई। जिसमें जिला स्वास्थ्य समिति इकाई कोण्डागॉव की ओर से डॉ. दोनाक्षी रात्रे, डॉ. श्रीकांत साहू एवं श्री जयलाल नेताम उपस्थित रहे।

- दिनॉक 25.11.2022 को महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया व जिसमें उपनिर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर अनुविभागीय दण्डाधिकारी फरसगॉव, श्री यू.के. मानकर तहसीलदार फरसगॉव एवं बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा 18 वर्ष पूर्ण कर चुके समस्त छात्र—छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु महत्वपूर्ण जानकारी प्रदाय की गई।

- दिनॉक 26.11.2022 को महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया, व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सिद्वार्थ चौधरी द्वारा संविधान की प्रस्तावना का शपथ दिलाया गया।

- दिनॉक 10.12.2022 को महाविद्यालय में मानव अधिकार दिवस मानाया गया। इस दिवस पर विद्यार्थियों को उनके मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी प्रदाय दी गई।

Chaiytugayta (Alor) Govt. College IQAC

दिनॉक 12.12.2022 से 18.12.2022 तक कुल सात दिवसीय NSS शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत झाटीबन आलोर में किया गया।

- दिनॉक 28.12.2022 से 29.12.2022 को महाविद्यालय में वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत कबड्डी , खो–खो, व्हालीवाल, लम्बीकूद, उंचीकूद, गोलाफेंक, तवा फेंक, लम्बी कूद, 100 मीटर दौड़, 200 मी. दौड़ का आयोजन किया गया। एवं दिनांक 30.12. 2022 को वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री विजय लांगड़े जनभागीदारी अध्यक्ष फरसगॉव उपस्थित रहे। इस स्नेह श्री अनिल विश्वकर्मा (SDOP फरसगॉव) उपस्थित रहे। इस स्नेह सम्मेलन में एकल गायन, समूह नृत्य एवं नाटक विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही विविध प्रतियोगिता में सम्मिलित विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को प्रषस्ति पत्र एवं शील प्रदाय की गई।
- दिनॉक 10.01.2023 को महाविद्यालय के NSS इकाई के NSS अधिकारी श्री तीरथ बरिहा के मार्गदर्शन में स्वयं सेवकों के द्वारा गोदग्राम ग्राम पंचायत कोर्राबड़गॉव में स्वच्छता अभियान चलाकर हेण्डपम्प के पास सोख्ता गड्डे का निर्माण किया गया।
- दिनॉक 10.01.2023 को महाविद्यालय में अन्तराष्ट्रीय हिन्दी दिवस मनाया गया। जिसमें हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती चम्पा मरकाम के द्वारा विद्याथियों के हिन्दी के महत्ता एवं जीवन में उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक बतलाया गया।
- दिनॉक 12.01.2023 को महाविद्यालय को महाविद्यालय स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर NSS के स्वयं सेवकों द्वारा झॉकी प्रदर्शन, जागरूकता रैली, चित्रकला, रंगोली, क्वीज प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण का कार्य किया गया।
- दिनॉक 25.01.2023 को महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया।
- दिनॉक 26.01.2023 को गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस दिवस पर श्री तरूण साहू भृत्य के द्वारा झण्डा फहराया गया।
- दिनॉक 28.01.2023 को महाविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सिद्धार्थ चौधरी एवं समस्त सहायक प्राध्यापक द्वारा परीक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।
- दिनॉक 30.01.2023 को महाविद्यालय में शहीद दिवस मनाया गया।
- 07.02.223 को विकास मित्र एवं NGO कोण्डागॉव एवं महाविद्यालय के संयुक्त प्रयास से आत्मनिर्भरता के नये सोपान विषय पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकास मित्र NGO कोण्डागॉव के डारेक्टर डॉ. धनराज कुलदीप उपस्थित रहे इन्होनें विद्याथियों को मधुमक्खी पालन एवं औधषी गुण वाले पौधों की जानकारी प्रदाय की।

Chaiytugayta (Alor) Govt. College